

*शिमला : हिमाचल प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा आयोजित नाटक प्रतियोगिता में जागरूकता नाटक का मंचन करते छात्र-छात्राएं।* *(नरेश)*

## हीलिंग हिमालय संस्था ने अस्पताल क्षेत्र में की साफ-सफाई

रिकांगपिओ, 28 दिसम्बर (रिपन): हीलिंग हिमालय संस्था ने वीरवार को क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में ठाकुर सैन राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ, साडा कर्मचारियों व स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस दौरान सब ने मिलकर जिला अस्पताल के आसपास फैले कूड़े कचरे के लगभग 80 बैग भरकर इकट्ठा किए तथा लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर हीलिंग हिमालय संस्था के स्वयंसेवी सुमन सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें व अपना कूड़ा इधर-उधर न फैंके।

# संजौली कालेज ने नाटक प्रतियोगिता में झटका पहला स्थान

शिमला, 28 दिसम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी ने राज्य स्तरीय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन आई.टी.आई. समर हिल शिमला में किया गया। यह कार्यक्रम एच.आई.वी. एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गए।

इस आयोजन में को अभी व्यक्ति नामक शीर्षक दिया गया जिसमें प्रदेश के 8 महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सैंटर ऑफ एक्सीलैंस कॉलेज संजौली ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संजौली महाविद्यालय को पंद्रह हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। वहीं राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला ने द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# नाटक स्पर्धा में संजौली कॉलेज की टीम प्रथम

शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के सौजन्य से आईटीआई शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में संजौली कॉलेज ने पहला स्थान हासिल किया। टीम को 15,000 रुपये के पुरस्कार से नवाजा गया। धर्मशाला कॉलेज दूसरे और सुजानपुर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने विजेता टीम को जीत की बधाई दी। संवाद